## संक्षिप्त

### रोजगार के बारे में जानकारी दी

**पाटन, ( निसं )**।राजकीय कमला मोदी महिला महाविद्यालय नीमकाथाना में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में डॉ. रवि कालश, मृदा विज्ञान विशेषज्ञ ने छात्राओं को कृषि व इससे जुड़े सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पर जानकारी अपने व्याख्यान में उपलब्ध करवायी। डॉ. कालश ने बागवानी, रेशम कीट पालन, बूंद बूंद सिचाई, खाद व जैविक कृषि, जल संवर्धन कृषि, मछली पालन इत्यादि पर छात्राओं को नवीनतम तकनीकी से अवगत करवाया। कृषि के क्षेत्र में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे लोन व सब्सिडी की जानकारी भी मुहैया कराई। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) मंजू वर्मा ने कृषि की नवीनतम तकनीकी व नवाचारों को संजीवनी स्वरूप बताते हुए छात्राओं को शाक वाटिका व कौशल विकास हेतु प्रेरित करते हुए डॉ. कालश का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पौष बड़ा महोत्सव रविवार को

**सीकर, ( निसं )** । जगकल्याणी दुर्गा पूजा समिति की ओर से रविवार को यहां शेखपुरा स्थित धनजी मनजी गींदड़ चौक में पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए श्यामभक्त रामगोपाल गोपी ने बताया कि इस दिन दोपहर दो बजे बाबा रामदास बगीची स्थित बालाजी मंदिर में पौष बड़े का भोग लगाकर प्रसाद वितरण शुरू किया जाएगा। यह निर्णय शनिवार को हुई समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष शंकरलाल पहाड़िया, मंत्री ओमप्रकाश माथुर, कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर किशोर जांगिड़, उपाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता आयोजित

**रतनगढ़,( निसं )**। राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में चल रहे सांस्कृतिक सप्ताह के तहत सामूहिक नृत्य, फैंसी ड्रेस, म्यूजिकल चेयर, अंताक्षरी, एकल गायन सहित अनेक प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ ए के सक्सेना ने की। बौद्धिक सत्र में डॉ आशा वर्मा ने जैविक खेती विषय पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्राओं को उपयोगी जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ के सी जोशी, डॉ धनराज पांडिया, डॉ एस एस पारीक उपस्थित रहे। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो सौम्या वशिष्ठ ने सभी का आभार व्यक्त किया। डॉ मरियम बानो ने महिला प्रकोष्ठ की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन प्रो मनीषा ने किया।

### बच्चों को वितरित की गर्म स्वेटर

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी,( निसं )** । स्थानीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 9 में प्रेरक रामस्वरूप सैनी शारीरिक शिक्षक व महेंद्र कुमार माली अध्यापक की प्रेरणा से गुप्त सज्जन द्वारा कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए ।अपने नाम की चाहत के बिना जरूरतमंद बच्चों को किए गए स्वेटर वितरण पर गुप्त सज्जन का प्रधानाध्यापिका संतोष देवी, अध्यापिका रश्मि गुप्ता, सरोज देवी, अनीता देवी एवं शारीरिक शिक्षक विनोद कुमार ने आभार व्यक्त किया ।

### 26 से शुरू होगी नकी कथा

**बीदासर, (निसं)**। राम कृष्ण गौशाला दड़ीबा समिति की बैठक गौशाला के पूर्व अध्यक्ष पंडित बजरंग लाल शर्मा की अध्यक्षता में गौशाला परिसर में हुई। बैठक में आगामी 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2024 तक गौशाला में होने वाली नानी बाई रो मायरो की कथा को लेकर जिम्मेदारियां दी गई। गौशाला के मंत्री घनश्याम लाल शर्मा ने बताया कि 26 दिसम्बर से कथा का राजलदेसर के तुलसीराम पांडे दोपहर 12.30 बजे से 3.30 बजे तक वाचन करेंगे।

### सर्द हवाओं के बीच कोहरे की दस्तक

**चिड़ावा।** शहर और आसपास के इलाकों में सर्दी का खासा असर देखने को मिल रहा है। सर्दी से लोगों की दिनचर्या पर भी असर पड़ा है। लोग अब घरों से जरूरी होने पर बाहर निकल रहे हैं। वहीं अलाव तापकर लोग सर्दी से बचने का जतन कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक शीतलहर का असर रहेगा। 22 दिसंबर से लगातार दो विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। चक्रवात सक्रिय होने से प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि बादल छाने व धूप निकलने से तापमान में बदलाव की स्थिति बनी रहेगी।

# जी.पी.एफ. कटौती माह दिसंबर से चालू करने पर विद्युत कर्मियों ने मनाया जश्न

- बाद पुरानी मे जीपीएफ कटौती कर्मचारियों की बड़ी जीत हुई

**झुंझुनूं, (निसं)**।राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन एवं प्रशासन से वार्ता के उपरांत शनिवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग राजस्थान सरकार के आश्वासन पर राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के सचिव प्रशासन आनंदीलाल वैष्णव ने लिखित आदेश जारी कर माह दिसंबर 2024 के वेतन में पेंशन फंड के लिए आवश्यक जीपीएफ कटौती करने का पत्रक जारी करने की खुशी में संघर्ष समिति की बड़ी जीत पर यहां अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में विद्युत कर्मी एकत्रित होकर पटाखे छुड़ाएं तथा मिठाई बांटी।



कार्यालय परिसर में विद्युत कर्मी एकत्रित होकर पटाखे छुड़ाएं तथा मिठाई बांटी ।

इस दौरान अजमेर डिस्कॉम के संयोजक देवकरण सैनी ने बताया कि राजस्थान विद्युत संघर्ष समिति अपनी दो सूत्री मांगों को लेकर संघर्ष कर रही है। जिसमें पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए जीपीएफ कटौती की मांग निगम प्रशासन द्वारा मान ली गई है। किंतु विद्युत निगम में निजीकरण पर अभी तक सहमति नहीं बनी है।

इसके लिए संयुक्त संघर्ष समिति जनवरी माह में महा आंदोलन की रूपरेखा तय करेगी। इस अवसर पर सयुंक्त संघर्ष समिति के जिला संयोजक सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्युत के कर्मचारियों अधिकारियों की एकता की ही ताकत है कि सरकार को उनकी मांगे मानने पर विवश होना होगा। इस दौरान संघर्ष समिति के आशीष पचार ने बताया कि इसके बाद पुरानी मे जीपीएफ कटौती कर्मचारियों की बड़ी जीत हुई है।

रघुवीरसिंह, विकास कुमार, नरेंद्र धायल, ज्ञानप्रकाश सैनी, द्वारकाप्रसाद, राजवीर सामरिया, सुभाष योगी, सुनील डूडी, दिलीप सैनी, कृष्ण कुमार, सुनिल बुगालिया, राजेंद्र पारीक, विजेंद्र खीचड़, मुकेश सैनी, मानसिंह, मनजीत पायल, विनोद, मुकेश कुमार, रामसिंह मीणा तथा नंदकुमार आदि मौजूद रहे।

## जिला शैक्षिक भ्रमण दल रवाना

**चूरू।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत कक्षा 6 व 8 के विद्यार्थियों के लिए अन्तर जिला दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण दल शनिवार को जिला मुख्यालय से जयपुर के लिए रवाना हुआ। भ्रमण दल को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक गोविन्द सिंह राठौड़, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक संतोष कुमार महर्षि व एपीसी हरिप्रसाद शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। भ्रमण दल समग्र शिक्षा के हरिप्रसाद शर्मा व सुरेन्द्र महला के नेतृत्व में रवाना हुआ। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र महला ने बताया कि इस भ्रमण दल में चूरू जिले के कुल 200 विद्यार्थी व प्रभारी अधिकारी व सहयोगी शामिल हुये। इन दलों को चार भागों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक दल में एक दल प्रभारी व एक महिला शिक्षक व एक पुरुष शिक्षक नियुक्त किया गया। प्रभारी सुरेन्द्र महला ने बताया कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विज्ञान व गणित के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने व सीखने-समझने की जिज्ञासा उत्पन्न कर उनमें शिक्षा के वातावरण का निर्माण करना है।

# लायंस क्लब पीड़ित मानव की सेवा में सदैव अग्रणी रहा है:राठौड़

- लायंस क्लब ने की जरूरतमंदों को रजाईयां वितरित

**चूरू ।** लायंस क्लब की ओर से शुक्रवार को जरूरतमंदों को रजाइयां वितरित की गई। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. कमल वशिष्ठ ने बताया कि कड़ाके की सर्दी को देखते हुए जरूरतमंद लोगों को क्लब द्वारा 125 रजाइयां वितरित की गई। लायन अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण व भामाशाह रासबिहारी माथुर थे। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला, जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा व पार्षद लीलाधर शर्मा मंचस्थ अतिथि थे। क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन शैलेंद्र माथुर के पिता रासबिहारी माथुर के आर्थिक सौजन्य से रजाइयों का वितरण किया गया। अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में लायंस क्लब की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि राजेंद्र राठौड़ ने



लायंस क्लब की ओर से जरूरतमंदों को रजाइयां वितरित की गई।

कहा कि लायंस क्लब पीड़ित मानवता की सेवा में निरंतर कार्य कर रहा है। वहीं विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि लायंस क्लब नर सेवा को नारायण सेवा मानते हुए अनेक प्रकार के सामाजिक कार्य करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा 22 रविवार दिसंबर को कैंसर जागरूकता व जांच शिविर का भी आयोजन किया जा है। इस अवसर पर बालकिशन राजगढ़िया, सुनील टकणेत, क्लब सचिव मुकुल सिगतिया, कोषाध्यक्ष आबिद खान, महेंद्र धानुका व शैलेंद्र माथुर ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर लायन शैलेंद्र माथुर ने बताया कि उनके पिता रासबिहारी माथुर हर वर्ष अपनी पेंशन से जरूरतमंद लोगों की सेवा करते रहते हैं। लायन शैलेंद्र माथुर ने आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन दीनदयाल सैनी ने किया। इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ लायन हुकमीचंद लोहिया, लायन संजीव वर्मा, रामचंद्र राजोतिया, डॉ. एसएम शर्मा, चंद्रप्रकाश खत्री, महेंद्र राजगढ़िया, ओमप्रकाश बैरवा, चंद्रप्रकाश, ताराचंद, प्रजापत, विजय इसरानी व रूपम माथुर ने आयोजकीय भूमिका निभाई। इस दौरान हुकमीचंद लोहिया ने भी जनवरी के प्रथम सप्ताह में 100 रजाईयां वितरित करने की घोषणा की।

# त्रिशताब्दी समारोह पर चिड़ावा में नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन

- लव जिहाद का एजेंडा पूरा करने और भारत को इस्लामिक देश बनाने के षड़यंत्र का एक माध्यम है बॉलीवुडः काजल हिन्दुस्तानी
- लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी समारोह के अवसर पर आज चिड़ावा में नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया

**चिड़ावा, (निसं)**। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी समारोह के अवसर पर आज चिड़ावा में नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में काजल हिन्दुस्तानी मुख्य अतिथि थीं। काजल हिन्दुस्तानी ने इस अवसर पर लव जिहाद सहित अन्य मुद्दों पर बेबाकी से अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद हमने शिक्षा ईसाइयों के भरोसे छोड़ दी, इतिहास वामपंथियों के भरोसे छोड़ा और यहां तक कि हमने हमारी फ़िल्में भी जिहादियों के भरोसे छोड़ दी। उन्होंने कहा कि देश में एक बहुत बड़ी ताक़त काम कर रही है जो भारतीय पारीवारिक व्यवस्था को ध्वस्त करने का षडयंत्र रच रही हैं। उन्होंने कहा आज सॉफ्ट पॉवर के माध्यम से लव जिहाद का एजेंडा पूरा करने और भारत को इस्लामिक देश बनाने के षड़यंत्र का एक माध्यम बॉलीवुड भी है। काजल हिन्दुस्तानी ने हिन्दू धर्मावलंबियों के मजारों पर जाने की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि जहाँ-जहाँ जिहादी मानसिकता है, वहाँ कोई भी सेफ नहीं है। इसलिए हिंदूओ को संगठित होना पड़ेगा और आत्मरक्षा की ट्रेनिंग लेना शुरू करना होगा। कोई नेता, कोई मंत्री, कोई संत्री, कोई क़ानून, कोई संविधान, कोई भी बचाने नहीं आयेगा, आत्मरक्षा ही सुरक्षा की गारंटी है।

महिलाओं को आगे आकर अपनी बच्चियों को आत्मरक्षा सिखानी होगी।काजल हिन्दुस्तानी ने पुष्यमित्र उपाध्याय की कविता सुनो द्रौपदी शस्त्र उठा लो, अब गोविंद न आयेंगे के माध्यम से नारी शक्ति को जगाने का प्रयास भी किया। उन्होंने कहा कि बेटियों को आज आत्मरक्षा की शिक्षा भी दी जानी चाहिए। बाईपास स्थित अनुपम गेस्ट हाउस में आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ कुसुम लता शर्मा, विभाग संघ चालक अशोक सिंह, विभाग प्रचारक मुकेश कुमार ने मंच साझा किया। मोनिका दडिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद संतोष अहलावत, सुरजगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पा सेवाराम गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज स्योराण, उपाध्यक्ष अनिता जांगिड़, नितिका थालौर, अनिता मोदी, पूजा शर्मा, टीना शर्मा, डॉक्टर मधुसूदन मालानी, पूर्व विधायक सुभाष पूनिया, संदीप शर्मा, सुनील सिद्धड, मुकेश खंडेलवाल, रामचन्द्र शर्मा, आदि प्रबुद्धजन तथा बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित रहीं।

# कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में अभ्यर्थियों की होगी भर्ती

**सीकर** । सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय राकेश कुमार खर्रा ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय सीकर व भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार के पसरा एक्ट 2005 के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार नवयुवकों को सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाईजर के पद पर भर्ती के लिए चयन परीक्षा कार्यक्रम के तहत सीकर में 23 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2024 तक आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में अभ्यर्थियों की भर्ती की जायेगी।

उन्होंने बताया कि तहसील लक्ष्मणगढ़, नेछवा की सीकर में 23 दिसम्बर 2024 को , फतेहपुर, रामगढ़ शेखावाटी की 24 दिसम्बर, नीमकाथाना की 25 दिसम्बर, माधोपुर और अजीतगढ़ की 26 दिसम्बर,दांतारामगढ़ व पलसाना की 27 दिसम्बर,खण्डेला व धोद की 28 दिसम्बर,सीकर की 29 दिसम्बर तथा वंचित रहे सभी तहसीलों के अभ्यर्थियों सहित सीकर की चयन प्रक्रिया 30 दिसम्बर2024 को जिला रोजगार कार्यालय, रीको औद्योगिक क्षेत्र सीकर में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक की जायेगी।

सहायक निदेशक राकेश चोधरी व एस.आई रीजनल ट्रेनिंग एकेडमी नीमच के भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह व सहायक भर्ती सोनू शर्मा द्वारा भर्ती स्थल पर उपस्थित रहकर सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाईजर की भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि भर्ती स्थल पर ही रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।

इसके लिए अभ्यर्थी दसवीं पास तथा 170 सेमी लंबाई व वजन 55 किलों, सीना 80-85 सेमी तथा आयु 19 से 40 वर्ष तक होनी चाहिए इसके साथ ही शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात 65 वर्ष की आयु तक स्थायी रोजगार प्रदान किया जाएगा। एस.आई.एस. रीजनल ट्रेनिंग सेंटर नीमच के द्वारा भारत सरकार के ऐतिहासिक स्मारकों एवं प्रतिष्ठानों, औद्योगिक सस्थानों व मल्टिनेशनल क्षेत्रों में रोजगार प्रदान किया जाएगा।

# नीमकाथाना औद्योगिक क्षेत्र की हो रही है दुर्दशा, चारों तरफ गंदगी का आलम

- एक माह पहले बनी रोड में भारी भ्रष्टाचार, 10 दिन में ही उखड़ी कंक्रीट

**पाटन, (निसं)** । नीमकाथाना जिला औद्योगिक क्षेत्र अलग पहचान रखता है, यहां नामी कम्पनियां स्थापित है, लेकिन यहां की साफ-सफाई के हालात अगर आप देखेंगे तो दंग रह जाएंगे। जहां से सरकार को हजारों करोड़ों का राजस्व प्राप्त होता है, वहां, चारों तरफ फैली गंदगी को देखकर लगता है, जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छ भारत अभियान को किस तरह पलीता लगा रहे हैं। लोगों का जीना दुश्वार

नीमकाथाना औद्योगिक क्षेत्र में चारों तरफ फैली गंदगी से लोगों का जीना दुश्वार हो चुका है। गन्दगी से उठती दुर्गन्ध से आमजन बेहाल है।



गन्दगी से उठती दुर्गन्ध से आमजन बेहाल है।

यह हाल है नीमकाथाना जिले के औधोगिक क्षेत्र का है, जिसमें आसपास बड़ी-बड़ी कम्पनियां स्थापित है, जहां से हर साल सरकार को हजारों करोड़ की राजस्व मिलती है, लेकिन यहां सुविधाओं के नाम पर हालात बद से बदतर नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं यहां फैक्ट्रियों से निकलने वाला कचरा भी सड़क के किनारे फैला हुआ देखा जा सकता है।

**सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार:-** विगत नवंबर माह में नीमकाथाना के औद्योगिक क्षेत्र में कई टुकड़ों में विभाजित कर सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन 10 दिन बाद ही सड़क की दुर्दशा लोगों की निगाहों में आई गई। निर्माण में ठेकेदारों द्वारा लापरवाही बरती गई जिसके चलते केवल एक हफ्ते बाद ही सड़क से कंक्रीट उखड़ कर बाहर आ गई। जानकारों का कहना है कि सड़क के निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही बरती गई है।

**रीको अतिरिक्त रीजनल मैनेजर की पत्रकारों के साथ बेरुखी :-** नीमकाथाना औद्योगिक क्षेत्र में सड़क की दुर्दशा और रास्तों पर लगे गंदगी के अंबार को लेकर जब रिपोर्टर ने दूरभाष के जरिए बात करना चाही तो रीको के जिम्मेदार अधिकारी बदतमीजी से पेश आएं। उन्होंने रिपोर्टर को "जो छापना हो छाप दो, फालतू में परेशान मत करो" जैसे शब्दों का प्रयोग किया। ऐसे अधिकारियों पर कार्यवाही होना जरूरी जिस तरह से अधिकारियों ने पत्रकारों को जवाब दिया उससे साफ जाहिर होता है कि आमजन का क्या हाल होता होगा ? ऐसे में राज्य सरकार को चाहिए ऐसे अधिकारियों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

**खेतड़ी, ( निसं )** खेतड़ी उपखंड के सुनारी पंचायत की ढाणी जाखड़ में शनिवार को शहीद नेकीराम जाखड़ काशहादतदिवसमनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सर्जन डॉ रणजीत सिंह जाखड़, विशिष्ट अतिथि डॉ रामकुमार सिराधना थे, जबकि अध्यक्षता सरपंच विमला भांवरिया ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि डॉ रणजीत सिंह जाखड़ ने कहा कि राजस्थान की वीर धरा की परंपरा है कि देश की सुरक्षा करते हुए न्योछावर हो जाना। वीर शहीदों की बदौलत ही आज हम सीमाओं की तरफ से सुरक्षित हैं। शहीद सभी के लिए सम्माननीय है। शहीद तो देवता की तरह है, इनकी हर समय पूजा करनी चाहिए। पारिवारिक कार्यक्रमों में भी इनकी प्रतिमा पर धोक लगानी चाहिए। झुंझुनूं जिले को देश में सर्वाधिक सैनिक देने का गौरव प्राप्त है। यहां के युवाओं को बचपन से ही देश सेवा के प्रेरित किया जाता है जो सेना में भर्ती होकर अपने देश की सरहद पर बहादुरी का परिचय देते है।

## सार-समाचार

### जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**चूरू।** उपभोक्ता मामलात विभाग के निदेशक के निर्देशानुसार शनिवार को राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, राज्य हेल्पलाइन के प्रचार-प्रसार संबंधी जानकारी दी गई। जिला रसद कार्यालय के प्रवर्तन अधिकारी अंशु तिवारी ने उपभोक्ता सप्ताह की थीम पर वर्चुअल हियरिंग डिजिटल एक्सेस टू कंज्यूमर जस्टिस विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर मानवाधिकार एवं उपभोक्ता संरक्षण समिति के महामंत्री धन्नाराम सैनी ने छात्र-छात्राओं को उपभोक्ता के कर्तव्य, क्षितपूर्ति निवारण हेतु उपभोक्ता न्यायालय के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान एडवोकेट राजेंद्र सिंह ने उपभोक्ता मामलात विभाग द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 14435 व 18001806030 व हो रही डिजिटल फ्रॉड से बचने व उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सजग व जागरूक रहने के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर संपत कुमार, आशा कंवर, सुभाष पूनिया, जगदीश प्रसाद सहित अनेक गणमान्य जन व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### चरण सिंह की जयंती मनाई जाएगी

**सीकर, (निसं)** । चौधरी चरण सिंह की जयंती को एक विशाल रैली के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। जाट समाज सीकर के सरक्षक नरेंद्र धायल ने बताया कि किसान नेता चौधरी चरण सिंह की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी और चौधरी चरण सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। किसान रेली का आयोजन 23 दिसम्बर को जाट समाज सीकर के कार्यालय जयपुर बिकानेर बाईपास से शुरू होकर वीर तेजाजी सर्कल बजरंग कांटा, कल्याण सर्किल से जाट बाजार, रामलीला मैदान से होते हुये चौधरी चरण सिंह सर्किल पहुचेगी। वीर तेजा सेवा संस्थान के अध्यक्ष सांवर मल मुवाल ने बताया कि सीकर जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत से रेली में किसान भाग लेंगे। चौधरी चरण सिंह सेवा समति के अध्यक्ष चाचा पुर्णमल सुण्डा ने कहा कि आज के इस आधुनिक युग को चौधरी चरण सिंह के पद्द चिह्नो पर चलने की जरूरत है वही जाट समाज के कोषाध्यक्ष अभिनव जाखड़ ने मिटिंग मे आये हुये सभी व्यक्तियो से अपील कि की हर ग्राम पंचायत से ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियो को जोड़ा जाये ताकि चौधरी साहब के विचारो को धरातल पर उतारा जा सके मिटिंग मे जिला अध्यक्ष नरेंद्र धायल, सावरमल मुवाल, चाचा पूरणमल सूंडा, मंडी उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद बाजिया, संजय खीचड़, अभिनव जाखड़, सूबेदार भागीरथ खीचड़, सुभाष साई, संदीप खीचड़, बाबूलाल बुरड़क, अमित जाखड़, महेंद्र नेहरा, लोकेश बुरड़क, शिवदयाल मील लालासी, विकास साईं, रामावतार खीचड़ श्यामपुरा, निखिल सूंडा, शंकर जी बिजारानियां आदि उपस्थित रहे

### मल्टी स्पेशिलिटी फ्री मेडिकल कैंप आज

**झुंझुनूं, (निसं)**। लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं शैल्बी मल्टीस्पेसिलीटी हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्व. चौथमल पाटोदिया की पुण्यतिथि के अवसर पर डूंगरमल पाटोदिया चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन रविवार को मुनि आश्रम गेस्ट हाउस खेमी सती रोड में किया जाएगा। जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष डॉ. बबिता कुमावत एवं सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता ने बताया कि शिविर में जोड़ एवं हड्डी रोग के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. धीरज दुबे, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशुल पाटोदिया, कैंसर रोग के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. नरेश जांगिड़, श्वांस रोग के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. पंकज गुलाटी, मस्तिष्क रोग के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. अनुराग सिहाग, मूत्र रोग के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. मधुसूदन पाटोदिया एवं फिजिशियन डॉ. जितेंद्र शिविर में आए हुए रोगियों को चिकित्सा परामर्श निशुल्क प्रदान करेंगे। शिविर का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक का रहेगा। उन्होंने बताया कि शिविर का आयोजन संयोजक लॉयन महिपाल सिंह, डॉ. देवेंद्र शेखावत एवं मुबारिक अली पठान के संयोजन में किया जा रहा है। जानकारी देते हुए स्पेशल केबिनेट सेक्रेटरी नरेंद्र व्यास एवं पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि शिविर में आवश्यकता अनुसार रोगियों की निशुल्क जांच की जाएगी। जिसमें प्रमुख रूप से ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी एवं बीएमडी (हड्डियों में कैल्शियम की जांच) है। उन्होंने मरीजों से अनुरोध किया है कि अपने साथ पुरानी मेडिकल रिपोर्ट और एक्स-रे अवश्य लाएं। कैंप का आयोजन सफलतापूर्वक करवाने के लिए दानदाता परिवार के जुगलकिशोर पाटोदिया, प्रदीप पाटोदिया, अंकित पाटोदिया सहित क्लब के अन्य सदस्य प्रयासरत है। विदित है कि शैल्बी हॉस्पिटल जयपुर कैंसर एवं हृदय संबंधित ईलाज के लिए चिरंजीवी योजना एवं आरजीएचएस द्वारा अधिकृत है।

### सैनी समाज की बैठक आयोजित

**रतनगढ़,(निसं)**। आगामी 29 दिसम्बर को रतनगढ़ कस्बे में आयोजित होने वाले सैनी समाज के जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के प्रचार-प्रसार अभियान के अंतर्गत शनिवार को वार्ड 23 व 24 में सैनी समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सैनी समाज संरक्षक ओमप्रकाश टाक ने बताया कि हनुमान पार्क के पास स्थित सैनी समाज अतिथि भवन में आगामी 29 दिसम्बर को सैनी समाज के जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमे शिक्षा, खेल, राजकीय सेवा में नव चयनित सहित अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली सैनी समाज की चूरू जिले की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। बैठक में सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी सेवा संस्थान अध्यक्ष मोहनलाल राकसिया, जिला सचिव गौरीशंकर खडोलिया, पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर गढ़वाल, चंद्रप्रकाश सुईवाल, ओमप्रकाश सैनी आदि मौजूद थे।

### स्वेटर और जूते व जुराब वितरण

**बीदासर, ( निसं)**। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी कुम्हारान में शनिवार को शिक्षक अजय कुमार की प्रेरणा से दानदाता पूनमचंद बेद के सौजन्य से सर्दी के बचाव के लिए 50 विद्यार्थियों को जूते व जुराब वितरित किए। प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने बताया कि इससे पूर्व मंगल चंद सेठिया व विजय कुमार सेठिया के सौजन्य से विद्यार्थियों को सर्दी के बचाव के लिए स्वेटर वितरण किए गए। इस अवसर पर दानदाताओं ने कहा कि जब जब इस विद्यालय को किसी भी आवश्यकता की जरूरत होगी, हम सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य रामकरण प्रजापत, एसएमसी अध्यक्ष हंसराज प्रजापत, प्रधानाचार्य अशोक कुमार सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार प्रजापत ने किया।

### प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता

**झुंझुनूं, (निसं)**। जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के सुमित खीचड़ ने 68वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि संस्थान के छात्र सुमित पुत्र सुनील कुमार ने दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें यह उपलब्धि प्राप्त की है। सुमित ने राज्य की टीम से वूशू के अंडर 19 के 80 किलो भारवर्ग में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 9 से 12 दिसंबर तक हुआ था। जिसमें 28 राज्य व केंद्रशासित प्रदेशों की टीमों ने भाग लिया था। संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्र को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने कहा कि बच्चों द्वारा किए नियमित अभ्यास से ही सफलता मिलती है। साथ ही उन्होंने छात्र के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की व सफलता की बधाई दी। इस अवसर पर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा, महेंद्र सैनी, कोच संदीप योगी, दिलबर नेगी, मानवेंद्र सिंह व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**सादुलपुर, (निसं)**। स्थानीय मोहता महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना की प्राचार्य/संरक्षक डॉ. पी.एस. राठौड द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि उपप्राचार्य अरविंद गौड ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को अपनाकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य पालन के साथ-साथ उन्हें अपने सामाजिक दायित्वों का भली भांति और ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम प्रोफेसर नवीन कुमार ने शिविर की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। गर्ल्स यूनिट के कार्यक्रम प्रोफेसर डॉ. दिनेश बासोतिया ने सात दिवसीय शिविर के उद्देश्यों को इंगित करते हुए कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को समाज से जोडने का जरिया है तथा इन प्रकार की गतिविधियां सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक है। उप प्राचार्य डॉ गजेंद्र सिंह शेखावत ने संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना को व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बताया और बताया कि यह छात्रों में सहकारिता के भाव को जागृत करता है।